You have, you can...

MEGA BLOOD DONATION DRIVE

Mega Blood Donation Drive

FAQ's

रक्तदान के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न अभातेयुप द्वारा रक्तदान अभियान या शिविर के लिए उपयोगी हो सकते हैं।

दानदाता से संबंधित

प्रश्न 01 : रक्तदान कौन कर सकता है?

उत्तर : आमतौर पर 18 से 65 वर्ष की आयु के स्वस्थ्य व्यक्ति, जिनका वजन कम से कम 50 किलोग्राम हो, वे स्वेच्छा से रक्तदान कर सकते हैं।

प्रश्न 02 : यदि कोई चिकित्सीय स्थिति अथवा दवा चल रही है तो क्या रक्तदान किया जा सकता है?

उत्तर : यह चिकित्सीय स्थिति और दवा पर निर्भर करता है। कुछ चिकित्सकीय स्थितियां रक्तदान को अस्थायी या स्थायी रुप से प्रतिबंधित कर सकती हैं। इस संदर्भ में चिकित्सक की सलाह प्राप्त कर रक्तदान करने या न करने के संदर्भ में निर्णय लेना उचित हो सकता है।

प्रश्न 03 : हम कितनी बार रक्तदान कर सकते हैं?

उत्तर : भारत में आमतौर पर पुरुष प्रत्येक तीन महीने (या 90 दिन) और महिलाएं प्रत्येक चार महीने (या 120 दिन) के अंतराल में रक्तदान कर सकते हैं।

प्रश्न 04 : रक्तदान करने से पहले क्या खाना या पीना चाहिए?

उत्तर : रक्तदान से पहले हल्का और निरामय नाश्ता/भोजन करने की सलाह दी जाती है। यथासंभव रक्तदान से पहले भारी या वसायुक्त भोजन नहीं करना चाहिये।

प्रश्न 05 : रक्तदान प्रक्रिया में कितना समय लगता है?

उत्तर : आमतौर पर पंजीकरण, स्क्रीनिंग, रक्तदान और रक्तदान के बाद जलपान सहित पूरी प्रक्रिया में लगभग 30 से 45 मिनट लगते हैं।

प्रश्न 06 : क्या रक्तदान के बाद नियमित गतिविधियां फिर से शुरु कर सकते हैं?

उत्तर : हाँ, अधिकांश रक्तदाता रक्तदान के बाद सामान्य गतिविधियाँ फिर से शुरु कर सकते हैं। कुछ घंटों के लिए श्रमशील शारीरिक गतिविधियों से बचने की सलाह दी जाती है।

आयोजकों से संबंधित अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

प्रश्न 01 : व्यवसाय या संगठन (सीएसआर) पहल के माध्यम से रक्तदान अभियान में कैसे योगदान दे सकते हैं?

उत्तर : कंपनियां और व्यक्ति (तेरापंथी और गैर-तेरापंथी दोनों) सीएसआर फंड के माध्यम से स्वयंसेवी टीमों के आयोजन, सुविधाओं को प्रायोजित करने या जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु वित्तीय योगदान कर रक्तदान अभियान का समर्थन कर सकते हैं।

कृपया ध्यान दें : सीएसआर फंड केवल तभी एकत्र किया जाना चाहिए जब शाखा परिषद के पास वैध सीएसआर प्रमाण पत्र हो अन्यथा सीएसआर फंड अभातेयुप के नाम से लिया जाना चाहिये।

प्रश्न 02 : क्या रक्तदान अभियान हमारी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) गतिविधियों का हिस्सा हो सकता है?

उत्तर : बिल्कुल, सीएसआर फंड के माध्यम से रक्तदान अभियान में सहयोग करना सीएसआर लक्ष्यों के अनुरुप है, सामुदायिक कल्याण और स्वास्थ्य में योगदान देता है।

प्रश्न 03 : क्या हम अपने कर्मचारियों के लिए कॉर्पोरेट रक्तदान कार्यक्रम आयोजित कर सकते हैं?

उत्तर : हां, अनेक संगठन अभातेयुप/तेयुप के तत्वावधान में अथवा उनके साथ मिलकर संयुक्त रूप से अपने कर्मचारियों के लिए विशेष रक्तदान शिविर आयोजित करते हैं, जिनमें कार्यकर्ता आदि की व्यवस्था अभातेयुप/तेयुप करती है। इस प्रकार के आयोजन से एक सार्थक प्रयास हो सकता है।

प्रश्न 04 : क्या रक्तदान करने के बाद रक्तदाताओं को कोई उपहार या प्रमाण पत्र मिलता है?

उत्तर : आमतौर पर रक्तदाता को प्रमाण पत्र या रक्तदाता कार्ड दिए जाते हैं, लेकिन उत्साहवर्धन के रूप में किसी व्यक्ति या व्यवसायिक ईकाई से प्रायोजकीय सहयोग प्राप्त कर उपहार भी दिए जा सकते हैं।

(यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि किसी भी तरह से उपहार का उपयोग रक्तदाता को प्रलोभन देने के लिए नहीं किया जाना चाहिए)। आयोजकों को शिविर से पहले यह घोषणा नहीं करनी चाहिए कि रक्तदाताओं को उपहार दिया जाए।

प्रश्न 05 : क्या किसी बैनर/बैकड्राप पर गुरुदेव की फोटो के साथ शिविर प्रायोजक का नाम भी हो सकता है?

उत्तर : संघीय रीति–नीति के अनुसार गुरुदेव की फोटो के साथ किसी भी बैनर/बैकड्राप पर किसी व्यक्ति का नाम/प्रायोजक का नाम उल्लेखित नहीं किया जा सकता है। लेकिन शिविर के प्रायोजक के रुप में किसी कंपनी/संगठन के नाम का उल्लेख किया जा सकता है।

प्रश्न 06 : रक्तदान शिविर के लिए पंजीकरण कहां कराना होगा?

उत्तर : स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के लिए https://www.eraktkosh.in/ पर पंजीकरण करना होता है। आयोजक के नाम में संगठन का नाम तेरापंथ युवक परिषद अभातेयुप की शाखा के रूप में अंकित करते हुए पंजीकरण करना चाहिये, ताकि अभातेयुप/तेयुप के नाम से पंजीकृत शिविरों की जानकारी अलग से निकाली जा सके।

प्रश्न 07 : अभातेयुप मूल्यांकन की दृष्टि से किसी रक्तदान शिविर के लिये आवश्यक न्यूनतम यूनिटों की संख्या कितनी होनी चाहिये?

उत्तर : अभातेयुप मूल्यांकन की दृष्टि से एक रक्तदान शिविर के आयोजन हेतु उसमें एकत्रित की जाने वाली यूनिटों की न्यूनतम संख्या 15 होनी चाहिये।

प्रश्न 08 : क्या किसी विशिष्ट स्थान पर शिविर के दौरान एक दिन में एक रक्त बैंक द्वारा एकत्रित की जा सकने वाली इकाइयों की संख्या की कोई सीमा है।

उत्तर : हां, एनएसीओ द्वारा निर्दिष्ट नियम के अनुसार एक ब्लड बैंक एक दिन में एक ही स्थान पर एक शिविर में अधिकतम 500 यूनिट तक एकत्र कर सकता है।

सेवा संस्कार संगठन

AKHIL BHARTIYA TERAPANTH YUVAK PARISHAD